<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कृषि क्षेत्र को देंगे पैंतीस हजार करोड़ रूपये का उपहार। धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का करेंगे शुभारम्भ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में किया यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का शुभारम्भ। लोगों से की अपील– जो भी खरीदें, स्वदेशी ही खरीदें।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में एक सौ अट्ठारह करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। एक सौ साठ परिवारों को सौंपी आवास की चाबी।
- त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिये पूर्वोत्तर रेलवे ने की विशेष तैयारी। भारी भीड़ के मद्देनजर तीस त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसानों से भी बातचीत करेंगे। यह कार्यक्रम किसान कल्याण, कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री कृषि क्षेत्र में दो बड़ी योजनाओं की शुरूआत करेंगे। जिनका कुल बजट 35000 करोड रुपए से अधिक है। प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना की शुरूआत करेंगे इसका बजट 24000 करोड रुपए है। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादन को बढ़ाना फसल विविधता को अपनाना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना है इसके अलावा श्री मोदी दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन की भी शुरूआत करेंगे इसका बजट 11000 करोड रुपए से अधिक है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी उन किसानों से बातचीत भी करेंगे जो दलहन की खेती से जुड़े हैं। दीपेंद्र कुमार के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के अभियान को आगे बढ़ाना है।

***जीएसटी रिफॉर्म के बाद मार्केट में जो चहल पहल है इस चहल पहल के माध्यम से हमें उत्तर प्रदेश के उत्पाद की ब्रांडिंग करनी चाहिए उसको आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाना चाहिए और ये स्वदेशी मेला उसका एक माध्यम बन रहा है। मैं आप सबसे अपील करूँगा गोरखपुर वासियों से और प्रदेशवासियों से अपील करूँगा की दीपावली के अवसर पर जो भी खरीदे स्वदेशी खरीदे।***

कल मेरठ में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, जौनपुर में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, गौतमबुद्धनगर में ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, सहारनपुर में राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने स्वदेशी मेलों का शुभारम्भ किया। स्वदेशी मेलों का आयोजन राज्य के सभी पचहत्तर जिलों में किया जा रहा है। लखनऊ में स्वदेशी मेले में खरीदारी करने आई आयुषी सरकार की पहल से बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले में न सिर्फ लोगों को स्वदेशी और हस्त निर्मित वस्तुएं खरीदने को मिल रही है, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी इससे आर्थिक लाभ हो रहा है।

***मुझे ऐसा लगता है की अ ये जो जीएसटी रिफॉर्म्स आए है अभी रिसेंटली इसका बहुत बड़ा इम्पैक्ट है लोगों के एक्सपेंडिचर पावर में इस वजह से काफी लोग अब ज्यादा बेटर दिवाली इस बार सेलिब्रेट कर पाएँगे।***

**********

खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कल शाम लखनऊ के खादी भवन में माटी कला महोत्सव दो हजार पचीस का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उन्नीस अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रदेश के माटी कारीगरों को एक मंच प्रदान किया गया है।

***लगातार इस तरह के एक बजार देना। यहाँ पर खादी भवन में हम लोग निशुल्क जितने भी उत्पादक है उनको एक बजार दे रहे हैं ताकि हमारे लखनऊ वासी त्यौहार के समय गणेश लक्ष्मी से लेके दिया तमाम सारा सामान यहाँ खरीद लें। यहाँ पर रेट फेयर भी हमारा लगा है। इसी तरह पूरे प्रदेश में इस तरह के उत्पाद का एक बड़ा फेयर लगाया गया है।***

कार्यक्रम के दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने माटी शिल्पकारों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक, पगमिल और बैंकों से स्वीकृत ऋण वितरित किये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में गोरखपुर विकास प्राधिकरण की एक सौ अट्ठारह करोड़ रुपये की पचास विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक सौ साठ परिवारों को ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट्स की चाबियां सौंपी। इनमें अस्सी फ्लैट्स आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अस्सी निम्न आयवर्ग के लिए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्तर पर चार करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त आवास उपलब्ध कराये गये हैं। उत्तर प्रदेश में साठ लाख से अधिक गरीबों को आवास मिल चुके हैं।

**********

उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने साठ दिनों के भीतर फ्लैट की पूरी कीमत चुकाने वालों को पन्द्रह प्रतिशत की छूट देने का फैसला किया है। वहीं नब्बे दिन में पूरी कीमत देने वालों को दस प्रतिशत की छूट दी जायेगी। यह छूट आवास विकास परिषद के लखनऊ, गाजियाबाद सहित विभिन्न शहरों में खाली फ्लैटों पर ही मिलेगी।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने दीपावली पर हरित पटाखों के उपयोग को अनुमति देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने फैसले को कल सुरक्षित रखा लिया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चन्द्रन की पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता से संबंधित काफी समय से लंबित एम.सी. मेहता के मामले की सुनवाई की। इससे पहले, तीन अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरित पटाखों सहित सामान्य पटाखों पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया था।

**********

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम–टेली मानस के लिए टेली मानस ऐप सहित कई नई पहलों का शुभारम्भ किया। उन्नत टेली मानस ऐप आपात स्थितियों के दौरान मार्गदर्शन और सहायता के लिए एक आपात मॉड्यूल और बहुभाषी उपयोगकर्ता इंटरफेस चैटबॉट की सुविधा प्रदान करता है।

**********

बाइस सितम्बर से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। जीएसटी सुधारों से उद्योगों पर हो रहे सकारात्मक प्रभाव पर पेश है एक रिपोर्ट.....

***नया जीएसटी सुधार किसानों, कारीगरों, औद्योगिक श्रमिकों और छोटे व्यवसायों के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। नमकीन पर नये जीएसटी दर से यह अब लगभग 6 से 7 प्रतिशत तक सस्ता हो गया है। वहीं, कृषि मशीनरी, पंप, ट्रैक्टर और अन्य उपकरण के 5 प्रतिशत कर श्रेणी में आने से लागत में 7 से 13 प्रतिशत तक की कमी आई है। सीमेंट उत्पादन में 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। जिससे 50 किलोग्राम के सीमेंट बोरे की लागत 25 से 30 रुपए तक कम हो गई है। वहीं ढाई हजार तक की कीमत वाले फुटवियर पर अब केवल 5 प्रतिशत कर लग रहा है, जिससे कीमतों में लगभग 11 प्रतिशत की कमी आई है। रोहन के साथ, आदर्श आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।***

**********

पूर्वोत्तर रेलवे ने त्योहारों पर लोगों की भारी भीड़ के मद्देनज़र करीब तीस त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान स्टेशनों पर नियमित टिकट काउन्टर के अतिरिक्त मोबाइल यूटीएस और एटीवीएम उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया भी बनाए जाएंगे।

***त्यौहारों पे जैसे की हर साल होता है इस वर्ष भी हम बहुत सारी नई ट्रेने चला रहे हैं तीस सेट्स ओएफ ट्रेन एक्स्ट्रा राइट नाउ चल रही है अभी से और जैसे जैसे दिवाली और छठ और पास में आएगा ये ट्रेनें और बढ़ाई जाएँगी कई बार वो शॉर्ट नोटिस पे भी कितना ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट चल रहा है उसको देख कर के शॉर्ट नोटिस पर जरूरत होती है तो चार पाँच ट्रेने इमीडिएटली भी अरेंज की जाती है बट तीस पैयर्स ओएफ ट्रेन राइट नाउ नॉर्मल से नॉन शेड्यूल पैसेंजर ट्रेनें अभी भी चल रही है।***

**********

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया है कि प्रवेश सत्र अगस्त–दो हजार पचीस के लिए प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों – आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर सत्रह अक्टूबर दो हजार पचीस तक कर दी गई है। यह प्रवेश प्रक्रिया वॉक इन सिद्धान्त के अनुसार संचालित की जाएगी।

**********